सूर्योदय 6:02
सूर्यास्त 5:44
अधिकतम 36° अधिकतम
न्यूनतम 24° न्यूनतम
सोना ₹ 60,550 प्रति 10 ग्राम
चांदी ₹ 73,000 प्रति किग्रा

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र टुडे

बरेली, रामपुर, बदायूँ, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर, लखनऊ, गाजीपुर में प्रसारित

बरेली से प्रकाशित





loktantratodaylive@gmail.com ● अंक- 225 बरेली, रविवार 17 मार्च, 2024 पृष्ठः 04 मुल्य- 05 रूपये ● पीवी सिंधु दूसरे दौर में विश्व चैंपियन...


## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह ने छोड़ी पार्टी

**सीधी।** आगामी लोकसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह ने आज पार्टी छोड़ने का ऐलान करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। श्री सिंह ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में आरोप लगाया कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने पार्टी के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन पर भी सवाल उठाया। श्री सिंह विंध्य विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रहने के साथ ही पार्टी की ओर से राज्यसभा सांसद भी बनाए जा चुके हैं। उनका कार्यकाल आगामी दो अप्रैल को समाप्त हो रहा था। इसके अलावा वे भाजपा के टिकट पर दो बार विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। वे पार्टी के प्रदेश महामंत्री भी रह चुके हैं।

### यूपीएसआरटीसी को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में रोड सेफ्टी के साथ ही परिवहन में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों का राष्ट्रीय स्तर पर असर देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग को नई दिल्ली में एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) ने तीन राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया। इन पुरस्कारों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट एक्सीलेंसी अवार्ड कहा जाता है। यह अवार्ड निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले संस्थानों को अलग अलग कैटेगरी में दिया जाता है। यूपीएसआरटीसी को दो कैटेगरी (रोड सेफ्टी और फ्यूल एफिशिएंसी) में विनर के रूप में, जबकि एक (न्यू इनीशिएटिव्स) में रनर अप का पुरस्कार मिला है।

### मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि बेद्रे थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिडमेटा, कामालंका के जंगलों में इन्द्रावती कमेटी के माओवादी उपस्थित होने की सूचना मिली थी। इस पर कल शाम जिला रिजर्व पुलिस बल, केन्द्रीय सुरक्षा बल तथा छत्तीसगढ़ फोर्स हिडमेटा के जंगल की ओर निकली। इसी बीच पुलिस और नक्सलियों के बीच लगभग एक घंटे तक मुठभेड़ हुई, जिसमें दो नक्सली मारे गए। दोनों की शिनाख्त की जा रही है। श्री यादव ने बताया कि सुरक्षाबलों द्वारा जंगल में माओवादी कैम्प को ध्वस्त किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद को दी 513 करोड़ रुपए की सौगात

# उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बनी नजीरः योगी

एजेंसी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार सपने नहीं दिखाती है हक़ीक़त बुनती है, इसलिए जनता बार-बार मोदी सरकार को चुनती है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को यहां बुद्धि विहार स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुरादाबाद और मंडल की प्रस्तावित 513 करोड़ रुपए की लागत से पूरी होने वाली परियोजनाओं की सौगात दी गई है। हर मंडल में सरकारी विश्वविद्यालय का संकल्प पूरा किया गया है,साथ ही शिक्षा में प्रतिस्पर्धा के जरिए गुणवत्ता क़ायम रखने के लिए



22 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। कभी सोच नहीं सकते थे कि सीमावर्ती जिले बिजनौर में भी मेडिकल कॉलेज बनेगा, वहां महात्मा विदुर के नाम से मेडिकल कॉलेज खोला गया है। संभल और अमरोहा में भी मेडिकल कॉलेज बनाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आगे कहा कि सतत विकास में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदतर हो गई थी। पिछली सरकारों के दौरान प्रदेश के लोग दंगे, कर्फ़्यू से परेशान थे। व्यापारी और बेटियां असुरक्षित महसूस करते थे। उद्यमी प्रदेश छोड़कर भागने लगे थे। एक तरह से प्रदेश अपनी पहचान खो चुका था जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गाथा लिख रहे नये भारत में डबल इंजन की सरकार में बिना भेद-भाव के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। आज़ परिवार विशेष का नहीं बल्कि जनता का विकास हो रहा है।

### एसपी ऑफिस में खुद को आग लगाने वाले व्यक्ति की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में करीब दस दिन पहले कथित तौर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में खुद को आग लगाने के बाद गंभीर रूप से झुलसे 45 वर्षीय व्यक्ति की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शनिवार को बताया कि जिले के कांट कस्बे में रहने वाले तारिक अली ने पांच मार्च को कुछ लोगों के उकसाने पर पुलिस कार्यालय में घुसकर खुद को आग लगा ली थी। इसके बाद उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से उसे लखनऊ के केजीएमसी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया, इलाज के दौरान शुक्रवार शाम तारिक की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लखनऊ में ही मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस मामले में तारिक को उकसाने वाले सलमान, के. के. दीक्षित के अलावा योगेंद्र यादव को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# डूंगरपुर प्रकरणः आजम खां समेत चार लोग दोषी करार

## आज होगा सजा पर फैसला

एजेंसी

**रामपुर।** सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सीतापुर जेल में बंद आजम खां एक और मामले में दोषी करार दिए गए हैं। उनके साथ कोर्ट ने तीन और लोगों को भी दोषी ठहराया है। दरअसल डूंगरपुर प्रकरण में कोर्ट ने आजम खां समेत रिटायर्ड सीओ सिटी आले हसन खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, बरेली के ठेकेदार बरकत अली को शनिवार को तलब किया था। शनिवार को सुनवाई के दौरान चारों लोगों पर दोष सिद्ध हो गया। हालांकि कोर्ट ने इस दौरान लूट और माल बरामदगी की धारा को हटा दिया है। मामले में सोमवार यानी 18 मार्च को कोर्ट सजा पर फैसला सुनाएगी। बतादें कि सपा शासनकाल में डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस जगह पर पहले से कुछ लोगों के मकान बने हुए थे, जिन्हें सरकारी जमीन पर बना बताकर वर्ष 2016 में तोड़ दिया गया था। भाजपा की सरकार आने पर वर्ष 2019 में गंज कोतवाली में 12 लोगों की ओर से अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए गए। इनमें आरोप लगाया कि सपा सरकार में आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने बस्ती में आसरा आवास बनाने के लिए उनके घरों को जबरन खाली कराया था। मकानों पर बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त कर दिया था। इन मुकदमों में पहले आजम खां नामजद नहीं थे।

# निर्माणाधीन इमारत की छत गिरने से दो मजदूरों की मौत

एजेंसी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले में कोतवाली देहात क्षेत्र के बहराइच-सीतापुर हाइवे पर स्थित लेजर रिसॉर्ट में निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत गिरने से दो मज़दूरों की मौत हो गई है।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात को देहात कोतवाली क्षेत्र के गजपतीपुर गांव के निकट स्थित लेज़र रिसॉर्ट के निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत डाली जा रही थी। छत ढालने के दौरान एक बल्ली गिर गयी और इसके बाद पूरी छत ही गिर गई। इस हादसे में निर्माण कार्य में लगे 08 श्रमिक मलबे में दब गए। जानकारी पर पहुंचे प्रशासनिक आमले ने श्रमिकों की सहायता से किसी तरह छह श्रमिक बाहर निकाल लिए और सभी को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। जहां दो श्रमिकों के गंभीर रुप से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है जबकि चार लोगों को मामूली चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद वापस कर दिया गया। वहीं मलबे में फंसे रिसिया थाना क्षेत्र निवासी श्रमिक नसीब पुत्र मुख्तार और जोगेंद्र पुत्र प्यारेलाल को निकालने के लिए जीसीबी व क्रेन की मदद से रेसक्यू ऑपरेशन शुरू किया गया जिसमें कई घंटो मशक्कत के बाद दोनों के शव को बाहर निकाला जा सका है। राहत बचाव के लिए बहराइच पहुंची एसडीआरएफ टीम का रेसक्यू जारी है। घटना की जानकारी होते ही एडीएम व एसपी सिटी सहित कई थानो की फ़ोर्स मौके पर पहुंची।

# सात चरणों में लोकसभा चुनाव

## 19 अप्रैल को आगाज, चार जून को आएंगे नतीजे

### ♦ 2024 के आम चुनाव के लिये 97 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैंः मुख्य चुनाव आयुक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तिथियों का शनिवार को ऐलान किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 7 चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। 4 जून को मतगणना का कार्य होगा। पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को होगा। दूसरे चरण में 26 अप्रैल और तीसरा चरण 7 मई को चुनाव होगा।

चौथे चरण में 13 मई, पांचवे चरण में 20 मई, छठे चरण में 25 मई और सातवें चरण में 1 जून को मतदान होगा। वहीं आंध्र प्रदेश में 13 मई को विधानसभा चुनाव होंगे। सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को विधानसभा चुनाव सम्पन्न होंगे। साथ ही देश के 26 विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होंगे। सभी 26 क्षेत्रों में लोकसभा चुनावों के साथ ही उप चुनाव होंगे। ये क्षेत्र देश के अलग अलग राज्यों में होंगे।




### किस चरण में कितने राज्यों में चुनाव

**पहले चरण में 21 राज्यों के कुल 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, दूसरे फेज में 13 राज्यों की 89 सीटों, तीसरे में 12 राज्यों की 94 सीटों, 10 राज्यों की 96 सीटों, 8 राज्यों की 49 सीट, 7 राज्यों की 57 सीट, 8 राज्यों की 57 सीट पर वोटिंग होगी।**

### चार राज्यों में विधानसभा चुनाव

**आम चुनाव के साथ 4 राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होंगे। आंध्र प्रदेश में 13 मई को चुनाव होंगे। सिक्किम और अरुणाचल में 19 अप्रैल को वोटिंग। ओडिशा में मतदान 13 मई से 4 चरणों में होंगे।**

### सात फेज में होंगे चुनाव

| |
|---|
| फेज-1- 19 अप्रैल (102 सीटें) |
| फेज- 2 - 26 अप्रेल (89 सीटें) |
| फेज- 3 - सात मई (94 सीटें) |
| फेज- 4- 13 मई (96 सीटें) |
| फेज- 5 - 20 मई (49 सीटें) |
| फेज- 6 - 25 मई (57 सीटें) |
| फेज- 7 - एक जून (57 सीटें) |

वहीं लोकसभा, विधानसभा और उप चुनाव सभी के नतीजे 4 जून को आएंगे। राजीव कुमार ने कहा कि भौगोलिक, सांस्कृतिक रूप से विविध इस देश के सबसे बड़े चुनाव के लिए हमने दो वर्ष तक तैयारी की है। हमारे पास 97 करोड़ मतदाता हैं। यह संख्या अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया के कुल मतदाताओं से कहीं ज्यादा है।

हमारे पास 10.5 लाख मतदान केंद्र हैं, जिनकी जिम्मेदारी डेढ़ करोड़ लोगों के पास होती है। 55 लाख ईवीएम हैं। चुनाव आयोग अब तक 17 आम चुनाव और 400 से ज्यादा विधानसभा चुनाव करा चुका है। पिछले 11 चुनाव शांतिपूर्ण रहे हैं। अदालती मुकदमे कम हुए हैं। राजीव कुमार ने कहा कि हम देश को वास्तव में उत्सवपूर्ण, लोकतांत्रिक माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होने वाला है।

उन्होंने कहा कि 543 सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए हमने पिछले एक साल में नए वोटरों को जोड़ने पर बहुत मेहनत की है। इस बार 18 से 19 वर्ष के 1.8 करोड़ मतदाता होंगे। 20 से 29 साल उम्र के 19.74 करोड़ मतदाता होंगे। 82 लाख मतदाता ऐसे हैं, जिनकी उम्र 85 साल से ज्यादा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में 96.8 करोड़ वोटर्स हैं और 10 लाख से ज्यादा बूथ वोटिंग के लिए होंगे। राजीव कुमार ने कहा कि हमारे देश के चुनाव पर पूरी दुनिया की नजर होगी। उन्होंने कहा कि इस बार 1.8 करोड़ मतदाता पहली बार वोट करेंगे और कुल 21.5 करोड़ युवा वोटर्स होंगे। पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.7 करोड़ है।

# अनुराधा पौड़वाल भाजपा में शामिल हुईं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रख्यात गायिका अनुराधा पौड़वाल ने आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में भाजपा के महासचिव अरुण सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में श्रीमती पौड़वाल ने भाजपा में औपचारिक प्रवेश किया। श्री सिंह ने श्रीमती पौड़वाल को भाजपा की सदस्यता की पर्ची सौंपी, गुलदस्ता भेंट किया और अंगवस्त्र पहनाया। इस मौके पर श्री अरुण सिंह ने कहा कि 50 वर्ष की संगीत यात्रा में 35 वर्षों तक केवल भक्ति संगीत के माध्यम से हर धर्मावलंबी हिन्दू के हृदय को स्पंदित करने वाली श्रीमती पौड़वाल के आज भाजपा में शामिल होने से मोदी




के परिवार में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दस साल में काशी, केदारनाथ, उज्जैन, अयोध्या में भारत की आध्यात्मिक सांस्कृतिक विरासत को जैसे संवारा सजाया है, उससे हर देशवासी गौरवान्वित है। श्रीमती पौड़वाल प्रधानमंत्री श्री मोदी के इसी विज़न से प्रभावित हो कर भाजपा में आयीं हैं। श्रीमती पौड़वाल ने कहा कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि वह ऐसे दल में शामिल हो रहीं हैं जिसका सनातन से गहरा नाता है। उन्हें इस बात का गर्व है कि मां गंगा की कृपा से 35 साल से उनकी गायी गंगा आरती हरिद्वार के गंगातट पर गूंजती है, उन्हीं मां गंगा के आशीर्वाद से वह सही जगह पहुंचीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## पूर्व प्राचार्य सहित दो की सड़क दुर्घटना में मौत

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में शनिवार सुबह मार्निंग वॉक के लिए निकले पूर्व प्राचार्य समेत दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के जोया रोड़ का है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि जगदीश शरण हिन्दू पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ वीरेंद्र बहादुर बरतिया हर-दिन की तरह आज सुबह लगभग छह बजे घर से टहलने के लिए निकले थे।उसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रही अनियंत्रित बाइक ने डॉ बरतिया को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और अनियंत्रित बाइक भी दूर तक घिसटती चली गई। दुर्घटना में बाइक सवार अमरोहा के मोहल्ला अहमद नगर तकिया हुसैन शाह निवासी अशरफ़ और हैदर भी घायल हो गए।

## चुनावी बॉन्ड को बताया घोटाला, युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने चुनावी बॉन्ड को सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि इस घोटाले की उच्चतम न्यायालय की देखरेख में जांच की जानी चाहिए। युवा कांग्रेस के मीडिया प्रभारी वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने यहां चुनावी बॉन्ड घोटाले के खिलाफ प्रदर्शन किया जिसमें दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शुभम वर्मा सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता संगठन मुख्यालय पांच रायसिना रोड़ से नारे लगाते और प्रदर्शन करते हुए जैसे ही आगे बढ़े तो पुलिस ने बेरिकेट लगाकर उन्हें रोक दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुनावी बॉन्ड को एक्सटोर्शन बॉन्ड बताया और कहा कि खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एजेंसियों का इस्तेमाल कर इस महा घोटाले को अंजाम दिया है।

# ईडी समन मामले में केजरीवाल को जमानत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शराब नीति से संबंधित कथित धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बार-बार समन पर उसके समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं होने के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश हुए जहां, उन्हें सशर्त जमानत मिल गई। राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा की अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री केजरीवाल को 15,000 रुपये के जमानत बाँड या इतनी ही रुपए की जमानत राशि जमा



करने की शर्त पर जमानत अर्जी मंजूर की। ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने आरोप लगाया कि श्री केजरीवाल जानबूझकर पूछताछ के लिए देरी कर रहे हैं। अदालत के समक्ष श्री केजरीवाल का पक्ष वरिष्ठ वकील रमेश गुप्ता और वकील राजीव मोहन पेश किया।

### हिंडन नदी में नहाने गए दो बच्चे डूबे

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर हिंडन नदी में नहाने गए दो नाबालिग डूब गए। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस गोताखोरों के साथ पहुंची और बच्चों को खोजना शुरू किया। काफी समय तक उनकी तलाश की गई। लेकिन, कई घंटे खोजने पर भी बच्चों की तलाश नहीं हो पाई। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार ककराला गांव के पास हुई जब बच्चे नारियल लेने के लिए नदी पर गए थे और इस दौरान वे डूब गए। कुछ राहगीरों ने पुलिस को बच्चों के डूबने की सूचना दी जिसके बाद फेज-दो पुलिस थाने के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# आ गया लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार

## पीएम मोदी बोले, लोग एक आवाज में कह रहे हैं- अब की बार, 400 पार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के बाद कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार आ गया है! ईसी ने 2024 लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. हम, भाजपा-एनडीए, चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

हम सभी क्षेत्रों में सुशासन और सेवा वितरण के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर लोगों के पास जा रहे हैं। सोशल मीडिया एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में उन्होंने लिखा, दस साल पहले, हमारे सत्ता संभालने से पहले, भारत के लोग आईएनडीआई गठबंधन के दयनीय




शासन के कारण ठगा हुआ और निराश महसूस कर रहे थे। कोई भी क्षेत्र घोटालों और नीतिगत पंगुता से अछूता नहीं रहा। विश्व ने भारत का साथ छोड़ दिया था। वहां से, यह शानदार रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की शक्ति से हमारा देश विकास के नये कीर्तिमान रच रहा है। हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गये हैं और करोड़ों लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है. हमारी योजनाएं भारत के सभी हिस्सों तक पहुंची हैं और संतृप्ति पर जोर देने से अच्छे परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि भारत के लोग देख रहे हैं कि एक दृढ़, केंद्रित और परिणामोन्मुख सरकार क्या कर सकती है। और, वे इसे और अधिक चाहते हैं। इसीलिए, भारत के कोने-कोने से, समाज के हर वर्ग से हटकर, लोग एक स्वर में कह रहे हैं- अब की बार, 400 पार!

मोदी ने कहा कि हमारा विपक्ष दिशाहीन और मुद्दाविहीन है। वे बस हमें गाली दे सकते हैं और वोट बैंक की राजनीति कर सकते हैं। उनके वंशवादी दृष्टिकोण और समाज को विभाजित करने के प्रयासों को स्वीकार नहीं किया जा रहा है। उन्हें उतना ही नुकसान उनके भ्रष्टाचार का ट्रैक रिकॉर्ड भी पहुंचा रहा है। लोग ऐसा नेतृत्व नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि हमारे तीसरे कार्यकाल में बहुत काम किया जाना बाकी है। पिछला दशक सत्तर वर्षों तक शासन करने वालों द्वारा पैदा की गई कमियों को भरने के बारे में था।

यह आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के बारे में भी था कि हाँ, भारत समृद्ध और आत्मनिर्भर बन सकता है। हम इसी भावना को आगे बढ़ाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और भी तेज गति से चलेगी। सामाजिक न्याय पर जोर रहेगा. हम भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम करने जा रहे हैं।

## सेंट्रल जेल की अभेद्य सुरक्षा में भी कमीशनखोरों ने ढूंढ निकाले झोल ही झोल

# लाखों रुपये की अवैध वसूली से चल रहे हैं मोबाइल फोन

लोकतंत्र टुडे संवाददाता




**बरेली।** सिर्फ दिखावे के लिए सलाखों में कैद क्रिमिनल्स के बीच खूनी गैंगवार से लेकर अंदर बैठे-बैठे ही अंडरवर्ल्ड की गतिविधियां बेखटक चलने की घटनाओं के लिए तो यूपी की जेलें पहले से ही बदनाम रही हैं। अक्सर छापों में अवैध हथियार और आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद होती रही है लेकिन इस बार तो बरेली की अभेद्य मानी जाने वाली सेंट्रल जेल में बैरक के अंदर से हत्यारोपी विचाराधीन बंदी मेरठ के शार्प शूटर ने मृतक के भाई को भी इंस्ट्राग्राम से अपना लाइव वीडियो सेंड कर हत्या की धमकी देते हुए साबित कर दिखाया कि रुपयों की चमक से तथाकथित अभेद्य सुरक्षातंत्र को भी कितनी आसानी से रुई के फाहों की तरह चिंदी-चिंदी कर उड़ाया जा सकता है?

दरअसल, कमीशनखोर अधिकारियों-कर्मचारियों की बड़ी जमात ने सेंट्रल जेल की कथित अभेद्य सुरक्षातंत्र में भी ढेर सारे झोल ही झोल ढूंढ निकाले हैं। केंद्रीय कारागार बरेली के सुरक्षा तंत्र की पोल खोलता यह बेहद गंभीर घटनाक्रम 8 मार्च 2024 की शाम 5.56 बजे का है। बैरक नंबर 3 में बंद मेरठ के एक शार्प शूटर आसिफ खान ने अंदर बैठे-बैठे जगत भाई नाम की फेसबुक-इंस्टाग्राम आईडी पर लाइव वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया।

बता दें कि एसएसपी के निर्देश पर एसपी सिटी राहुल भाटी ने भारी पुलिस बल को लेकर सेंट्रल जेल में छापा मारा था और कई घंटे तक सघन तलाशी अभियान चलाया था। पूछताछ में आसिफ खान ने वीडियो वायरल करने की बात तो कबूली थी लेकिन वीडियो जेल की बैरक के बजाय 7 मार्च को मुकदमे की पेशी के लिए शाहजहांपुर कोर्ट जाते वक्त बनाने की सफाई दी थी। जेलर/प्रभारी जेल अधीक्षक ने भी विचाराधीन बंदी आसिफ की बात का ही समर्थन किया था और वीडियो बैरक या जेल में बनाए जाने के आरोप को गलत करार दिया था। इस पूरे प्रकरण की जांच कर रहे एसपी सिटी श्री भाटी ने बताया कि पुलिस ने कथित जगत भाई की इंस्टाग्राम-फेसबुक आईडी का पूरा डाटा मेटा कंपनी से मंगा लिया है। इस डाटा और जेल के सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों से भी साफ हो चुका है कि 8 मार्च को आसिफ पूरे दिन अपनी बैरक और सर्किल में रहा था और वायरल वीडियो भी बैरक के अंदर से ही बनाया था। इस खुलासे के बाद अब यह भी साफ हो गया है कि प्रभारी जेल अधीक्षक श्री राय अपनी गरदन बचाने के लिए इस मामले में लगातार गलतबयानी कर रहे थे। अब उनकी गर्दन पर भी सख्त विभागीय कार्रवाई की तलवार लटक रही है। पुलिस महानिदेशक जेल एसएन साबत ने इस पूरे मामले की जांच डीआईजी जेल कुंतल किशोर को जांच सौंप दी है। बिथरी स्थित सेंट्रल जेल-2 के अधीक्षक विपिन मिश्रा को भी जांच में सहयोग के निर्देश दिए हैं। यहां यह बताना भी जरूरी है कि बरेली सेंट्रल जेल में चर्चित डॉन बब्लू श्रीवास्तव, उसका साथी मंगे सरदार और कई दीगर बड़े अपराधी भी बंद हैं। बड़ा सवाल है कि कठोर सुरक्षा तंत्र और सख्त कायदे-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए बंदियों-कैदियों तक मोबाइल फोन या पिस्टल बगैरह पहुंच कैसे जाते हैं? इसी मोबाइल की वजह से कुछ माह पहले बिथरी सेंट्रल जेल-2 में बंद अशरफ ने उमेश पाल हत्याकांड की साजिश को अंजाम दिया था। लेकिन जवाब बहुत सीधा सा और आसान है।

### रुपयों की चमक-दमक का सारा खेल है यह

सेंट्रल जेल से जुड़े विश्वस्त सूत्रों की मानें तो मोबाइल देने और चलवाने के एवज में हर बंदी से महीने की अवैध वसूली का खेल चल रहा है। जानकारों की माने तो जेल बन्द बंदियो को फोन देकर उनसे हर महीने 5 लाख तक की अवैध बसूली चल रही है। नाम नहीं छापने की शर्त पर जेल विभाग से जुड़े अधिकारी ने बताया कि बीते दिनों एक अफसर ने जेल में चल रहे मोबाइल फोन का विरोध किया था जिसके बाद दो अफसरों में जमकर झड़प भी हुई थी एक अफसर जेल से अवैध गतिविधियों को बंद कराना चाहता था तो दूसरा उन्हें चलाकर अवैध बसूली करना। केंद्रीय कारागार का आलम यह है कि यदि कोई अधिकारी जेल में चल रही अवैध गतिविधियों को रोकने की कोशिश करता है तो भृष्ट अफसर ईमानदार अफसर के खिलाफ बंदियो को भड़का देते हैं जिसके चलते बंदियो ने कई बार अफसरों से मारपीट जैसी घटनाएं तक कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेई पीडब्ल्यूडी रणवीर सिंह का सहायक अभियंता पद पर प्रमोशन

**बरेली।** लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड में अवर अभियंता पद पर तैनात रणवीर सिंह को प्रोन्नत कर अब सहायक अभियंता बनाया गया है। रणवीर सिंह का एई पद पर प्रमोशन होने पर विभागीय कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। विभागीय अधिकारियों और सभी सहयोगियों ने उन्हें बधाइयां दी हैं। रणवीर सिंह की पहचान सौम्य-सरल, लगनशील और सबके प्रिय अधिकारी की रही है।

### साल भर से गांव नहीं गए जज के स्टेनो भी मुचलका पाबंद, थाना प्रभारी और हलका दारोगा तलब

**भमोरा।** थाना पुलिस ने साल भर से गांव में नहीं रह रहे जज के स्टेनो को भी निजी मुचलके पर पाबंद कर दिया। शिकायत पर कोर्ट ने थाना प्रभारी और हल्का दरोगा को तलब कर लिया है। थाना भमोरा के गांव सिंघा निवासी सुखपाल ने बताया कि वह अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम के स्टेनो हैं और परिवार के साथ बरेली में ही रहते हैं। साल भर से एक बार भी गांव नहीं जा पाए हैं फिर भी गुरुवार को पता चला कि उनका नाम भी भमोरा पुलिस ने लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निजी मुचलके पर पाबंद कर दिया है। स्टेनो सुखपाल ने अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम दिलीप कुमार साहनी से इस बाबत लिखित शिकायत की। याचिका पर स्वतः संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति श्री साहनी ने थानाध्यक्ष भमोरा और हलका इंचार्ज दारोगा को समन जारी करते हुए पेश होने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष भमोरा/ट्रेनी आईपीएस डॉ. इशान सोनी ने बताया कि अभी मुझे इस प्रकरण की जानकारी नहीं है। पता करने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

### तमंचा-कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान शनिवार को अगरास के पास शाही रोड पर नहर किनारे से इसी गांव के 27 वर्षीय सुभाष उर्फ महेश पुत्र रामबहादुर को पकड़कर उसके पास से 12 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। अभियुक्त को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### माधौपुर सर्विस रोड पर पलटा बैटरी चालित ऑटो रिक्शा, ड्राइवर गंभीर घायल

**फतेहगंज पश्चिमी।** हाईवे से माधौपुर गांव के सर्विस रोड पर बैटरी चालित ऑटो दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो के अंदर बैठा एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से बरेली के सिद्धि विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी मिली है कि बैटरी वाले ऑटो रिक्शा में सवारियां भरकर ड्राइवर फतेहगंज पश्चिमी से बरेली ले जा रहा था। माधौपुर की कुछ सवारियों को गांव पहुंचाने ले जाते वक्त सर्विस रोड पर ऑटो हादसे का शिकार हो गया। हादसे में ऑटो में सवार बाकी यात्रियों को तो मामूली चोटें आईं लेकिन सीबी गंज की एक मेडिकल फर्म में ड्यूटी करने जा रहे कस्बे का सुनील मौर्य नाम का युवक रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चेहरे और पैर में गहरी चोटें आई हैं। राहगीरों ने फोन पर परिवार वालों को सूचना देकर घायल को प्राइवेट एंबुलेंस से बरेली के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल भिजवा दिया है।

### वरिष्ठ हास्य कवि स्वर्गीय यमदूत जी की स्मृति में काव्यमय श्रद्धांजलि सभा आज

**बरेली।** वरिष्ठ हास्य कवि और अखिल भारतीय साहित्यकार संघ के संरक्षक स्वर्गीय हरीश शर्मा यमदूत की पुण्य स्मृति में 17 मार्च 2024 को शाम 4:00 बजे से खुशहाली आश्रम, साउथ सिटी, बदायूँ रोड बरेली में एक काव्यमय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ कवि कमलकांत तिवारी ने सभी कवि बंधुओं को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित करते हुए समय से पहुंचने और अपने आगमन की सूचना पहले ही फोन या व्हाट्सएप पर दे देने का अनुरोध भी किया है ताकि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जा सकें।

## प्रधान ने हिंदू लड़की को मुस्लिम दर्शाते हुए बनवा दिया फर्जी निवास प्रमाणपत्र, मुकदमा दर्ज

लोकतंत्र टुडे संवाददाता



**बरेली।** थाना हाफिजगंज के एक गांव का युवक दिल्ली से हिन्दू लड़की को बहला-फुसलाकर ले आया। प्रधान ने लड़की और उसके पिता को मुस्लिम दर्शाते हुए फर्जी निवास प्रमाणपत्र भी जारी कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के सिजौलिया निवासी शिवसागर ने हाफिजगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि हाफिजगंज क्षेत्र के गांव लाड़पुर उस्मानपुर का रहने वाला इम्तियाज अंसारी कुछ दिन पहले दिल्ली से हिंदू समुदाय की एक लड़की को बहला- फुसलाकर गांव में ले आया और चोरी छिपे उसका धर्म परिवर्तन कराने की साजिश में जुट गया। प्रधान नरगिस खातून और उसके पति तसलीम से साठगांठ कर आरोपी ने लड़की और उसके पिता के मुस्लिम नामों से उसका फर्जी निवास प्रमाणपत्र भी बनावा लिया। आरोपियों ने कूटरचित नकली प्रमाणपत्र में हिंदू लड़की का नाम कुमकुम बानो, उसके पिता का नाम इम्तियाज अहमद और मूल निवास दिल्ली से बदलकर लाड़पुर उस्मानपुर कर दिया। यहां तक की जाति और धर्म भी मुस्लिम कर दिया। तहरीर के आधार पर हाफिजगंज थाने में आरोपी शख्स और प्रधान तथा उसके पति के विरुद्ध गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## आईवीआरआई में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि, वैज्ञानिक और स्टूडेंट्स हुए शरीक

लोकतंत्र टुडे संवाददाता

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से पर्यावरणीय स्थिरता हेतु पशुधन उपोत्पादों के प्रसंस्करण और समुचित उपयोग के लिए रणनीतियाँ विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

हाइब्रिड मोड में आयोजित इस कार्यशाला में औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों सहित लगभग 120 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान तीन तकनीकी सत्रों में बाहर से आये हुए विशेषज्ञों डॉ पी. के. मंडल (अध्यक्ष, भारतीय मांस विज्ञान संघ), डॉ के अप्पर (महाप्रबंधक, फेयर एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, रामपुर), श्री भरत गुप्ता (निदेशक, बीएनजी इंटरनेशनल, कानपुर), डॉ. बी. एम. नवीना (नेशनल फेलो, एनएमआरआई, हैदराबाद) ने पशुधन उपोत्पादों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ. केपी सिंह, आईवीआरआई के संयुक्त निदेशक (कैडरैड), भ ने पशुधन उपोत्पादों के समुचित एवं लाभदायक उपयोग पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल आय में वृद्धि हो सकती है अपितु पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है तथा इन उपोत्पादों के समुचित उपयोग द्वारा मांस उद्योग की छबि को भी सुधारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ एस के मैंदीरत्ता, संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक), भारतीय पशु चिकित्सा अनुसन्धान संस्थान ने प्रतिभागी विद्यार्थिओं से पशुधन उपोत्पादों के कारगर उपयोग हेतु इस विषय पर शोध करने का आग्रह करते हुए कहा कि हमें मांस उद्योग की जरूरतों के अनुसार शोध करने एवं तकनीकियां विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थिओं को औद्योगिक इकाईओं में जाकर इंटर्नशिप करने के लिए भी प्रेरित किया। पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ए आर सेन ने पशुओं से प्राप्त होने वाले विभिन्न उपोत्पादों के उचित संग्रह, परिवहन, प्रसंस्करण एवं मूल्य संबर्धन द्वारा मांस उद्योग की आमदनी बढ़ाने पर बल दिया। तकनीकी सत्रों के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) मोहम्मद नदीम फ़िरोज़, पूर्व निर्देश निदेशक, केवीएएफएसयू, हेब्बाल, बैंगलोर, डॉ. विकास पाठक, डीन, मथुरा एवं डॉ. गिरीश पाटिल एस, निदेशक, आईसीएआर-एनआरसी मिथुन, नागालैंड द्वारा विभिन्न तकनीकी सत्रों का सुचारू रूप से आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति, वैज्ञानिक पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजक सचिव डॉ आई प्रिंस देवदासन ने सभी के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ गीता चौहान, डॉ ए के बिस्वास, डॉ सुमन तालुकदर, डॉ तनवीर अहमद, डॉ सागर चंद सहित वभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, छात्र एवं अधिकारीगण शामिल रहे।

### सांसद वरुण गांधी ने वसुपुरा अंडरपास निर्माण में गड़बड़ी पर डीआरएम को लिखी चिट्ठी



**देवरनियां।** सांसद वरुण गांधी ने बरेली-नैनीताल हाइवे के वसुपुरा रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन अण्डर पास में मानकों की अनदेखी की शिकायतों पर डीआरएम को पत्र लिखा है। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के सांसद वरुण गांधी ने वसुपुरा और अन्य गांवों के ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मण्डल की डीआरएम रेखा यादव को पत्र? लिखकर कहा है कि ठेकेदार द्वारा रेलवे के तय मानकों की अनदेखी कर काफी कम चौड़ाई का वसुपुरा अंडरपास बनवाया जा रहा है जिससे किसानों के गन्ना लदे ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रालियां और अन्य हैवी कृषि मशीनरी नहीं निकल पाएंगी। उन्होंने ठेकेदार पर दबाव बनाकर निर्धारित मानकों के अनुरूप ही अण्डर पास निर्माण सुनिश्चित करवाने का डीआरएम से आग्रह किया है। सांसद के निजी मीडिया प्रभारी ढाकनलाल गंगवार ने बताया कि ग्रामीणों ने वसुपुरा अण्डरपास मानकों के विपरीत बनाए जाने की शिकायत की थी।

## छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल को कई सत्रों में फिल्म दिखाकर समझाया

लोकतंत्र टुडे संवाददाता

**फरीदपुर।** छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का तृतीय बैच शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर पर संपन्न हुआ। इस बैच में 36 आशा, दो संगिनी तथा 19 आंगनबाड़ी ने प्रतिभाग किया। समापन सत्र पर प्रमाणपत्र वितरित करते हुए राज्य प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह तोमर ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद अब संगिनी, आशा और आंगनबाड़ी छोटे बच्चों में सही वृद्धि का आंकलन करने के साथ ही विभिन्न खतरों के चिन्हों की पहचान कर अभिभावक को उचित परामर्श भी दे सकेंगी। साथ ही छोटे बच्चों का पोषण, स्वास्थ्य, वृद्धि निगरानी सहित आरंभिक बाल विकास पर भी अधिक ध्यान दे सकेंगी।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में एचबीवाईसी का परिचय एवं आवश्यकता बताते हुए कार्यक्रम में आशा, आंगनबाड़ी, संगिनी एवं एएनएम की भूमिका और उत्तरदायित्व की जानकारी दी गई। गृह भ्रमण योजना सहित जल, स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई, एचबीवाईसी कार्ड, आशा जॉब ऐड, एमसीपी कार्ड आदि विषय पर जानकारी दी गई। पोषण एवं अन्य बिषयों पर फिल्म दिखाकर समझाया। समूह चर्चा कर स्वास्थ्य वृद्धि की निगरानी पर एमसीपी कार्ड में दर्ज करने का अभ्यास कराया गया। गृह भ्रमण के दौरान बीमार बच्चों का प्रबंधन करने, जिंक गोली के उपयोग आदि का प्रदर्शन किया गया। बीमारी की पहचान, बचाव एवं खतरे के लक्षणों की पहचान और परामर्श की जानकारी भी दी गई। आरंभिक बाल विकास की अवस्थाओं का आकलन, परिवार को परामर्श देना एवं खतरे के विभिन्न चिन्हों की पहचान के बारे में बताया गया। पंचम दिन मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड पर विस्तार से जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण पश्चात मूल्यांकन हुआ।

इस दौरान प्रशिक्षक डिम्पल, चिकित्सा अधीक्षक, बीसीपीएम अनुपम कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से ममता, उषा देवी, सीमा शर्मा, कुसुम, हरि देवी, किरण, स्नेह लता, माया देवी, उपासना सिंह, मीना, मंजू देवी, गीता देवी, बेबी, उर्वशी देवी, कांति देवी, साधना देवी, हीरावती, नीरज, खिलौना देवी, पूनम शर्मा, शशि मिश्रा, रूमाल श्री, सीमा, कमला देवी, रूपवती, रूपकली, राजरानी, मीना, पूजा, शकुंतला, रचना, विनोद देवी, चंद्रकली, मुन्नी देवी, रामरति, संगिनी वंदना सक्सेना, रिचा शर्मा आदि ने प्रशिक्षण लिया।

## सपा प्रत्याशी ऐरन को जिताने के लिए बूथ वार बांटीं जिम्मेदारियां

लोकतंत्र टुडे संवाददाता

**मीरगंज।** इंडिया गठबंधन के बरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन को भारी मतों से जिताने के लिए शनिवार को लोकसभा क्षेत्र चुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक मीरगंज चुनाव कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में चुनावी चर्चा के साथ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को चुनाव से जुड़ी जिम्मेदारियां बूथवार बांटीं गईं। मीरगंज विधानसभा प्रभारी अजीम मालिक ने सभी बूथ कमेटियां बनाने और चुनाव प्रचार की रूपरेखा तय करने के निर्देश दिए। कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर नुक्कड़ सभाएं-बैठकें कर पूर्व सांसद श्री ऐरन द्वारा कराए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा करने की सबसे अपील भी की। कहा- श्री ऐरन को भारी मतों से जिताने की मुहिम में सब अभी से जुट जाएं। दावा किया कि श्री ऐरन अगर विजयी होते हैं तो बरेली लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहा देंगे। इस मौके पर 25 बरेली लोकसभा चुनाव प्रभारी विपुल गुप्ता, मीरगंज विधानसभा प्रभारी संदीप गुप्ता, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष इलियास अंसारी, जिला सचिव डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, रामपाल माली, संदीप शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष छेदा लाल गुर्जर, सपा जिला सचिव ठाकुर अमित सिंह, सिंटू पाठक, समीर मिश्रा, पूरन लाल सागर, ओमकार गंगवार, देवकी नन्दन कश्यप, केहरी सिंह मौर्य, ओमकार कश्यप, मोहित शर्मा, राजवीर सिंह, रामपाल फौजी, शकील अहमद, नरेंद्र सिंह यादव, डॉक्टर अशरफी लाल राणा, सोमपाल श्रीवास्तव, प्रदीप कश्यप, भगवत शरण लोधी, आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के समापन के बाद मीरगंज विधानसभा अध्यक्ष संदीप गुप्ता और अजीम मलिक, जिला सचिव मुदित प्रताप सिंह ने सिंधौली, गुगई, चुरई, लभारी, धनेटा, दिनरा, मिर्जापुर, परचाई, परचवा, दुनका, दुनकी, सहोड़ा गांवों में घूमकर ऐरन के लिए वोट की अपील की।

## हेराफेरी करते रंगेहाथों पकड़ा गया सेमीखेड़ा मिल का तौल लिपिक, एफआईआर

लोकतंत्र टुडे संवाददाता




**देवरनियां।** किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा के तौल लिपिक को गन्ना तौल के दौरान अपनी सट्टे की पर्चियों का वजन बढ़ाकर दर्ज करते वक्त मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी की टीम ने रंगेहाथों धर दबोचा। सीसीओ की तरफ से आरोपी तौल लिपिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

सेमीखेड़ा चीनी मिल? में 13 मार्च को दस बजे से छह बजे की शिफ्ट में तौल लिपिक सर्वेश कुमार की ड्यूटी मिल गेट के बैलगाड़ी कांटा टेयर पर थी। आरोप है कि तौल लिपिक सर्वेश कुमार ने मिल गेट के कम्प्यूटर में छेड़छाड़ कर अपने पिता कुंवरसेन के नाम से जारी सट्टा पर्चियों में गन्ना का वजन बढ़ा दिया। साथ ही खल्ला ट्रालियों का वजन कम दर्ज कर सरकारी कार्य मे बाधा और चीनी मिल को आर्थिक क्षति पहुंचाई। मुख्य गन्ना अधिकारी कार्यालय से चेकिंग को गई टीम ने तौल लिपिक सर्वेश कुमार की यह गड़बड़ी पकड़ ली। आरोप है कि तौल लिपिक सर्वेश ने यह गड़बड़ी अपने पिता की गन्ना भरी सभी 16 ट्रैक्टर ट्रालियों में की है।

मिल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि आरोपी तौल लिपिक सर्वेश कुमार आउट सोर्सिंग कर्मचारी है। उसके विरुद्ध गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी अमित कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्यों गन्ना विकास निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह यादव,आशुतोष मिश्रा,सुरेन्द्र सिंह ने छानबीन के दौरान आरोपी तौल लिपिक की गड़बड़ी को पकड़ लिया। मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी अमित कुमार चतुर्वेदी ने शुक्रवार देर रात आरोपी सर्वेश कुमार के खिलाफ देवरनियां थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी गयी है। जल्द आरोपी की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

## सफाई कर्मियों ने किया अपर आयुक्त का घेराव, लौटाईं सम्मान वाली फूल मालाएं

लोकतंत्र टुडे संवाददाता



**बरेली।** अरसे से लंबित मांगें पूरी नहीं होने पर शनिवार को नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। अपर नगर आयुक्त का घेराव करते हुए उन्होंने पिछले दिनों सम्मान में पहनाई गई फूल मालाएं लौटा दीं और हड़ताल कर सफाई व्यवस्था ठप कर देने का अल्टीमेटम दे दिया है।

**नगर आयुक्त ने मालाएं पहनकर किया था सम्मान**

शहर के 30 वार्डों में ठेके पर सफाई कराने के फैसले का विरोध कर रहे नगर निगम के सफाई कर्मचारियों में शनिवार को फिर विरोध की चिंगारी सुलह उठी। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बरेली से लौटने और सफाईं व्यवस्था बेहतर होने पर अगले दिन नगर आयुक्त द्वारा तमाम सफाई कर्मचारियों को फूलों की माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया था। आश्वासन भी दिया था कि सभी समस्याओं का निस्तारण जल्द कराया जाएगा।

**नारेबाजी के साथ आंदोलन की दी चेतावनी**

मगर सफाई कर्मचारियों का गुस्सा शनिवार को फिर फूट पड़ा। तमाम सफाई कर्मचारी इकट्ठे होकर नगर आयुक्त कार्यालय पहुंचे और अपर नगर आयुक्त का घेराव करते हुए कहा कि जो सम्मान की मालाएं हमको पहनाई गई थीं, उनको वापस करने आए हैं। मांगों का निस्तारण नहीं हुआ तो फिर आंदोलन करेंगे और नगर की सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। आक्रोशित सफाई कर्मियों ने हंगामा और नारेबाजी भी की।

### मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना में चयनित 5 ग्राम पंचायतों को मिले 1.10 करोड़

**बरेली।** मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के मानकों पर खरी उतरी जिले की पांच ग्राम पंचायतों को पुरस्कार स्वरूप कुल मिलाकर 1.10 करोड़ की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से इन ग्राम पंचायतों में सामूदायिक भवन, स्टेडियम, ओपन जिम, योगशाला, रोजगार प्रशिक्षण केंद्र, कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र और स्वराज स्थल जैसी सुविधाएं विकसित कराई जाएंगी। इस योजना में जिले भर में पहला स्थान ब्लॉक बिथरी चैनपुर की ग्राम पंचायत भरतौल को मिला है, जिसे 35 लाख रुपये दिए गए हैं।

भुता की सुनौरा मुरारपुर और भदपुरा की अलैया दोनों दूसरे नंबर पर रहीं। इन दोनों ग्राम पंचायतों को 25-25 लाख रुपये जारी किए गए हैं। चौथे स्थान पर फतेहगंज पश्चिमी की औंध और पांचवें स्थान पर मझगवां ब्लॉक की अंतपुर ग्राम पंचायत हैं। औंध को 15 और अंतपुर को 10 लाख रुपये दिए गए हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक अटल कुमार राय की ओर से इस बाबत पत्र भी जारी किया गया है।

**100 बिंदुओं के आधार पर होता है चयन**

**मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में चुनी गई ग्राम पंचायतों को धनराशि दी गई है। ग्राम पंचायत का चयन ब्लॉक, जिला, मंडल और शासन स्तर पर योजना में शामिल 100 बिंदुओं के आधार पर चयन होता है।**

**धर्मेंद्र कुमार, डीपीआरओ बरेली**

### बीडीए उपाध्यक्ष ने सीएम योगी को दिया बरेली महायोजना का प्रजेंटेशन

# विशेष है बरेली का मास्टर प्लान-2031, मिक्सड लैंड यूज के प्रस्ताव पर मुहर, बसेगी नाथ नगरी

लोकतंत्र टुडे संवाददाता



**बरेली।** बीडीए महायोजना-2031 को सीएम योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दे दी है। शनिवार को लखनऊ में बीडीए के अफसरों ने सीएम योगी और नगर विकास विभाग के अन्य उच्चाधिकारियों के समक्ष बरेली के मास्टर प्लान-2031 का विस्तृत प्रजेंटेशन दिया है। इसके बाद शासन ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब नाथ नगरी को नए सिरे से विकसित करने की तैयारी की जा रही है। नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) की तर्ज पर बीडीए अपने क्षेत्र को विकसित करेगा।

बीडीए उपाध्यक्ष मानिकंदन ए ने महायोजना-2031 के प्रारूप का सीएम योगी आदित्यनाथ के सामने प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने एक-एक बिंदु पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि शहर के विकास के लिए किस तरह के प्रावधान अलग-अलग क्षेत्रों में किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली विकास योजनाओं, आधारभूत संरचना को ध्यान में रखकर महायोजना तैयार की गई है। उपाध्यक्ष ने महायोजना में निर्धारित भू उपयोगों को मानचित्र के माध्यम से समझाया। उपाध्यक्ष ने बताया कि हमने प्रजेंटेशन के दौरान बताया कि स्थापना के बाद से अब तक बीडीए का क्षेत्र कई गुना बढ़ चुका है।

### नाथ नगरी का ऐसे होगा विस्तार

- एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए एक नये मार्ग के रूप में पीलीभीत बाईपास से एग्जीक्यूटिव क्लब, रामगंगा नगर, अब्दुल्लापुर माफी होते हुए सड़क का विकास एवं उस पर मिक्स्ड लैंड यूज का प्रस्ताव पास।
- एयरो सिटी व मेडीसिटी का विकास ग्रेटर बरेली और नाथधाम टाउनशिप के रूप में।
- नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत आ रही सड़कों पर टीडीआर पालिसी को लागू करते हुए, बाजार स्ट्रीट, मिक्स्ड लैंड यूज प्रस्तावित।
- शाहजहांपुर रोड पर इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के आगे इंडस्ट्रियल व सामुदायिक सुविधाओं के विकास और इसके समीप ही कामगारों की सुगमता के लिए आवासीय लैंड यूज
- रामगंगा रिवर फ्रंट का विकास
- 18 मीटर से अधिक चौड़ाई वाले मार्गों पर बाजार स्ट्रीट का प्रस्ताव भी मंजूर, इसमें दो मंजिला कॉमर्शियल भवन और उसके ऊपर आवासीय निर्माण संभव होगा।
- झुमका तिराहे के आगे नई रिंग रोड पर इंडस्ट्रियल लैंड यूज प्रस्तावित, टेक्सटाइल पार्क का निर्माण होगा संभव।
- एयर ट्रैफिक पैनल जोन का चिह्नांकन।
- बड़े बाईपास पर ग्रीन बेल्ट 30 मीटर की होंगी।
- सभी हाईवे पर शहरी लैंड यूज के बाद हाईवे फेसिलिटी जोन प्रस्तावित।

## सम्पादकीय

# महाराष्ट्र में राजनीतिक परिदृश्य उम्मीद से अधिक जटिल

लोकसभा सीटों के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य महाराष्ट्र, एनडीए गठबंधन (महायुति) और इंडिया ब्लॉक (महा विकास अघाड़ी या एमवीए) के बीच एक जटिल चुनावी लड़ाई की ओर बढ़ रहा है, और इसलिए परिणाम आश्चर्यजनक होने की संभावना है। एनडीए और इंडिया दोनों गुटों को कई बाधाओं के कारण सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप देने में देर हो रही है। राज्य 48 लोकसभा सदस्य भेजता है और दोनों पक्षों के लिए दांव बहुत ऊंचे हैं। वर्तमान में, भाजपा के पास खोने के लिए बहुत कुछ है क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद वह 23 सीटें जीतकर महाराष्ट्र में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी थी। पार्टी को 27.59 प्रतिशत वोटों का सबसे बड़ा हिस्सा भी मिला। भाजपा ने 2019 में अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था, जिसने बाद में कांग्रेस और एनसीपी के साथ गठबंधन में सरकार बनाने के लिए एनडीए को छोड़ दिया था। जाहिर है, भाजपा की सीटों की संख्या और वोटों की हिस्सेदारी में गिरावट तय थी, जिसने पार्टी को शिवसेना में दलबदल कराने के लिए प्रेरित किया, जो दो भागों में विभाजित हो गई और एक गुट, शिव सेना (शिंदे) को भाजपा ने एनडीए में शामिल कर लिया ताकि महायुति की राज्य सरकार बन जाये। लेकिन यह भी अधिक लोकसभा सीटें जीतने के साथ-साथ अधिक वोट शेयर जीतने के लिए पर्याप्त नहीं होने के कारण, भाजपा ने एनसीपी से दलबदल कराया और एनसीपी (अजित पवार) का एक गुट एनडीए में शामिल हो गया, और अब वह भी राज्य सरकार का हिस्सा है। भाजपा को उम्मीद थी कि इससे उसे अधिक संख्या में सीटें और वोट शेयर जीतने में मदद मिलेगी। हालांकि, भाजपा को अब शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजीत पवार गुट के साथ सीट साझा करना मुश्किल लग रहा है। वास्तव में, भाजपा 2019 की तुलना में 2024 में अधिक कठिन चुनावी लड़ाई की ओर बढ़ रही है। यह तब हो रहा है जब भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरा कार्यकाल चाह रहे हैं। पीएम मोदी ने दावा किया है कि भाजपा 370 सीटें जीतेगी और एनडीए 405। इस प्रक्रिया में, भाजपा देश भर में अपने सहयोगियों पर दबाव डाल रही है, यहां तक कि एनडीए सहयोगियों के पर कतरने की भी कोशिश कर रही है ताकि वह अधिक संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ सके और इसकी राष्ट्रीय संख्या 2019 में जीती 303 से अधिक हो। भाजपा के इस सत्तावादी रवैये ने उसके सभी सहयोगियों को नाराज कर दिया है, जिससे हर प्रमुख राज्य में सीट-बंटवारे के समझौते में देरी हो रही है, और महाराष्ट्र उनमें से एक है। 2019 में, भाजपा ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 23 सीटें जीती थीं, जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना ने 23सीटों पर चुनाव लड़ा था और 18 सीटें जीती थीं। कुल मिलाकर, एनडीए ने 41 सीटें जीतीं, जबकि यूपीए 7 सीटें ही जीत सकी, जिनमें एनसीपी को 4, कांग्रेस को एक, एआईएमआईएम को एक और निर्दलीय को एक सीट मिली थी।

शिवसेना और एनसीपी में फूट के कारण एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों के सामने सीट बंटवारे को लेकर मुश्किलें बढ़ गईं हैं। विभाजित समूह अपने ऐतिहासिक रुझानों के आधार पर सीटों की मांग कर रहे हैं। एनडीए और इंडिया ब्लॉक इस सप्ताह के अंत में अपने अंतिम सीट-बंटवारे सौदे की घोषणा करेंगे, जबकि समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। एनडीए में होने वाले घटनाक्रम से पता चलता है कि भाजपा 31 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि महायुति में उसकी सहयोगी, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 13 पर और एनसीपी (अजित पवार) चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अजित पवार चार सीटों- बारामती, रायगढ़, शिरूर और परभणी के अलावा और सीटों की मांग कर रहे हैं। अविभाजित शिवसेना ने 23 और अविभाजित राकांपा ने 19 सीटों पर चुनाव लड़ा था। कहने की जरूरत नहीं है कि भाजपा ने दोनों के लिए 13 और 4 सीटें बांटकर उनके पर कतर दिये हैं। इस तरह की अपमानजनक स्थितियां पूरे देश में भाजपा के सहयोगियों के लिए भी देखी जा रही हैं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि यह एनडीए सहयोगियों की राष्ट्रीय संख्या को प्रभावित कर सकता है, जिसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 35 होने की उम्मीद की थी। यह भी अनिश्चित है कि अपमानित सहयोगी जमीनी स्तर पर भाजपा का कितना समर्थन कर सकता है, इसलिए भाजपा इस बार जोखिम में है। अगर हम विपक्षी इंडिया गुट के परिप्रेक्ष्य में सीट बंटवारे को देखें, तो 25 सीटें ऐसी होंगी जहां भाजपा उसके साथ सीधी, बहुत करीबी आमने-सामने की लड़ाई में होगी। केवल 6सीटों पर भाजपा को इंडिया ब्लॉक उम्मीदवारों पर थोड़ी बढ़त मिलेगी। जबकि केवल 17 सीटें ऐसी होंगी जिन पर इंडिया ब्लॉक का सीधा मुकाबला एनडीए सहयोगियों से होगा, 13 सीटों पर एकनाथ शिंदे और 4 सीटों पर अजित पवार गुटों से। यह परिदृश्य भाजपा और उसके सहयोगियों के लिए परेशान करने वाला है। इंडिया ब्लॉक, जो कि महाराष्ट्र में एमवीए है, सैद्धांतिक रूप से 44 सीटों के लिए सीट बंटवारे पर सहमत हो गया है, जबकि 4 सीटों पर अभी भी मतभेद हैं। कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) 18-18सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि एनसीपी 11 और स्वाभिमानी पक्ष 1 सीट पर चुनाव लड़ेगी। जहां तक मुंबई-दक्षिण मध्य, भिवंडी नासिक और रामटेक की 4 सीटों पर मतभेद का सवाल है, तो उन्हें 17 मार्च से पहले हल होने की संभावना है, जिस दिन इंडिया ब्लॉक मुंबई में एक संयुक्त सार्वजनिक रैली आयोजित करने वाला है जिसके साथ विपक्ष का चुनाव अभियान शुरू होना है।

# इलेक्टॉरल बॉन्ड में बुरी तरह फंसती केंद्र सरकार

राहुल लाल

> 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा झटका देते हुए इलेक्टॉरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलेक्टॉरल बॉन्ड को जिस तरह अज्ञात और गोपनीय रखा गया है, उस कारण यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि लोकतंत्र में जनता के समक्ष सभी सूचनाएं रहनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे सूचना के अधिकार का उल्लंघन माना। कोर्ट ने कहा कि- ये चुनावी लोकतंत्र के खिलाफहै, क्योंकि ये बड़ी कंपनियों को लेवल प्लेइंग फील्ड खत्म करने का मौका देती है। अंत में जनता को यह भी पता नहीं चल पाता था कि आखिर यह कंपनियां कितना चंदा किस राजनीतिक दल को दे रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने पहले 6 मार्च की समयसीमा तय की थी, लेकिन इसके दो दिन पहले ही स्टेट बैंक की तरफसे इसे 30 जून तक करने का अनुरोध किया गया। आज की तारीख में जब टेक्नालॉजी इतनी आगे बढ़ी हुई है,तब देश के इतने बड़े बैंक को एक खास स्कीम के तहत लेन-देन के डिटेल्स निकालने में इतना वक्त लग जाएगा, इस पर सवाल उठ रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इलेक्टॉरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने के लिए एसबीआई को और समय देने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से 12 मार्च तक इलेक्टॉरल बॉन्ड की सभी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा। अदालत ने चुनाव आयोग को इस जानकारी को 15 मार्च शाम 5 बजे तक अपने वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का निर्देश भी दिया है। एसबीआई इलेक्टॉरल बॉन्ड के खुलासे के लिए 30 जून तक का समय मांग रहा था। तब तक लोकसभा चुनाव संपन्न होकर नई सरकार का गठन हो चुका होता। ऐसे में मतदाताओं को इलेक्टॉरल बॉन्ड की सूचनाओं के बिना ही लोकसभा चुनाव में मतदान के अधिकार का प्रयोग करना पड़ता। 13 मार्च को एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर स्पष्टीकरण दिया कि उसने इलेक्टॉरल बॉन्ड.से संबंधित सूचनाएं चुनाव आयोग को दे दी है। जब एसबीआई 30 जून का समय मांग रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- श्हमने 15 फरवरी को फैसला दिया था। आज 11 मार्च है । पिछले 26 दिनों में आपने क्या कदम उठाए ? कुछ भी नहीं बताया गया है। आपको जानकारी देनी ही होगी।श

15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा झटका देते हुए इलेक्टॉरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलेक्टॉरल बॉन्ड को जिस तरह अज्ञात और गोपनीय रखा गया है, उस कारण यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि लोकतंत्र में जनता के समक्ष सभी सूचनाएं रहनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे सूचना के अधिकार का उल्लंघन माना। कोर्ट ने कहा कि- ये चुनावी लोकतंत्र के खिलाफ है, क्योंकि ये बड़ी कंपनियों को लेवल प्लेइंग फील्ड खत्म करने का मौका देती है। अंत में जनता को यह भी पता नहीं चल पाता था कि आखिर यह कंपनियां कितना चंदा किस राजनीतिक दल को दे रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने पहले 6 मार्च की समयसीमा तय की थी, लेकिन इसके दो दिन पहले ही स्टेट बैंक की तरफसे इसे 30 जून तक करने का अनुरोध किया गया। आज की तारीख में जब टेक्नालॉजी इतनी आगे बढ़ी हुई है,तब देश के इतने बड़े बैंक को एक खास स्कीम के तहत लेन-देन के डिटेल्स निकालने में इतना वक्त लग जाएगा, इस पर सवाल उठ रहे थे। इस संपूर्ण मामले से ऐसा लग रहा था कि स्टेट बैंक पर केंद्र सरकार का काफी दबाव है और केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को क्रियान्वित करने में पर्दे के पीछे से बाधक बन रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्टेट बैंक को तो केवल सीलबंद लिफाफे को खोलना है और सार्वजनिक कर देना है। अपने संक्षिप्त आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को यह भी कहा कि- हर राजनीतिक दल बैंक की 29 निर्धारित शाखाओं में ही केवल चालू खाता खोल सकता है। इसलिए यह जानकारी आसानी से हासिल की जा सकती है। केंद्र सरकार ने देश के राजनीतिक दलों के चुनावी चंदे के लिए वित्त वर्ष 2017-18 के बजट में इलेक्टॉरल बांड शुरू करने का ऐलान किया था। इस योजना को सरकार ने 29 जनवरी 2018 को कानूनन लागू किया था। इलेक्टॉरल बॉन्ड से मतलब एक ऐसे बॉन्ड से होता है, जिसके ऊपर एक करेंसी नोट की तरह उसकी वैल्यू लिखी होती है। यह बांड व्यक्तियों,संस्थाओं अथवा संगठनों द्वारा राजनीतिक दलों को पैसा दान करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था। इलेक्टॉरल बॉन्ड की खरीद बिक्री, इसके खरीदारों के नाम समेत सभी संबंधित जानकारी को लेकर रिपोर्ट तैयार की है और उसे समय रहते चुनाव आयोग को उपलब्ध करा दिया है। इस हलफनामे में बैंक ने आंकड़ों के द्वारा बताया है कि 1 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक 22,217 इलेक्टॉरल बॉन्ड्स बिके हैं। इनमें से 22,030 बॉन्ड्स भुना लिए गए हैं। केवल 187 बॉन्ड्स का भुगतान नहीं लिया गया है।




चुनावी बांड एक हजार, दस हजार, एक लाख, दस लाख तथा एक करोड़ रूपये के मूल्य के होते थे। सरकार की ओर से चुनावी बॉन्ड जारी करने और उसे भुनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक को अधिकृत किया गया था, जो अपनी 29 शाखाओं के माध्यम से यह काम करता है। इलेक्टॉरल बॉन्ड को लाने के लिए सरकार ने फाइनेंस एक्ट-2017 के जरिए रिजर्व बैंक एक्ट-1937,जनप्रतिनिधित्व कानून-1951,आयकर एक्ट-1961 और कंपनी एक्ट में कई संशोधन किए गए थे। केंद्र सरकार ने इलेक्टॉरल बांड योजना को 2 जनवरी, 2018 को अधिसूचित किया। इसके मुताबिक कोई भी भारतीय नागरिक या भारत में स्थापित संस्था चुनावी बॉन्ड खरीद सकती है। चुनावी बांड खरीदने के लिए संबंधित व्यक्ति या संस्था के खाते का केवाईसी वेरिफाइड होना आवश्यक होता था। जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29 ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक पार्टियां तथा पिछले आम चुनाव या विधानसभा चुनाव में जनता का कम से कम एक फीसदी वोट हासिल करने वाली राजनीतिक पार्टियां ही चुनावी बॉन्ड के जरिए पैसे ले सकती थी। चुनावी बॉन्ड्स पर बैंक द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जाता था। स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद 13 मार्च को हलफनामा देकर बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन किया गया है। एसबीआई (स्टेट बैंक) ने पॉलिटिकल फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ाने के तमाम दावों के बीच इलेक्टॉरल बॉन्ड पर भी अपारदर्शी होने का गंभीर आरोप लगने लगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे गुमनाम और अपारदर्शी होने के कारण असंवैधानिक घोषित किया। 2017 मध्े केंद्र सरकार ने कहा कि राजनीतिक दलों की फंडिंग में अज्ञात स्रोतों से आने वाले आय की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। ऐसे में सरकार पारदर्शी व वैधानिक फंडिंग के लिए इलेक्टॉरल बॉन्ड ला रही है।

लेकिन इलेक्टॉरल बॉन्ड की अपारदर्शिता पूर्व के व्यवस्था से भी खतरनाक रही। लगता है कि इन बॉन्डों के जरिए चंदे का कानून बनने से हम एक अपारदर्शी व्यवस्था को छोड़कर एक दूसरी अपारदर्शी व्यवस्था के दायरे में आ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टॉरल बांड के मुद्दे पर केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। शीर्ष अदालत ने कि सरकार की काले धन पर लगाम लगाने की कोशिश के रूप में इलेक्टॉरल बॉन्ड की कवायद पूरी तरह बेकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- जिस तरह से इलेक्टॉरल बॉन्ड्स की व्यवस्था प्रारंभ की गई है, इससे लगता है कि यह ब्लैक मनी को व्हाइट करने का तरीका है साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि-जब कंपनियां राजनीतिक दलों को चंदा देती हैं, तो हो सकता है कि उन्होंने चंदे के बदले में किसी फायदे के लिए ऐसा किया हो।

# शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता है: विधायक

## प्रधानों, प्रधानाध्यापकों, एसएमसी अध्यक्षों की उन्मुखीकरण कार्यशाला में बोले विधायक डॉ. वर्मा

लोकतंत्र टुडे संवाददाता




**◆ 53 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित भी किया**

**फतेहगंज पश्चिमी।** विकास क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों, एसएमसी अध्यक्षों/स्थानीय सदस्यों की एक दिवसीय ब्लॉकस्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला नगर के एक बैंक्विट हॉल में संपन्न हुई।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक प्रमुख पति सत्येंद्र यादव, मीरगंज ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, गायत्री परिवार के जिला संयोजक दिनेश पांडेय के साथ मिलकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र जोशी ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक डा. वर्मा ने अपने संबोधन में सभी शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता बताया। कहा- आप सबके प्रयासों की बदौलत ही ब्लॉक फतेहगंज पश्चिमी का नाम मात्र जनपद स्तर पर ही नहीं, बल्कि प्रदेश स्तर पर भी हो रहा है। प्राथमिक विद्यालय जनक जागीर के प्रधानाध्यापक हरीश गंगवार को निपुण विद्यालय होने पर विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। पूरे जनपद में सर्वाधिक 53 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विधायक ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अखिलेश गंगवार, मंत्री ओमप्रकाश, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष योगेश गंगवार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमपाल गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश गंगवार,ब्लॉक मंत्री सूरज गंगवार, प्रमोद कुमार, के पी सिंह, विकास जैन, अमित कुमार, योगेंद्र गंगवार, महेंद्र, नीरज वर्मा, पी के पाल, वीरेंद्र किशोर सहित सैंकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# My Booth App, बतायेगा कितनी है भीड़, लाइनें, आनलाइन मिलेंगी सभी अनुमति

लोकतंत्र टुडे संवाददाता




**बरेली।** चुनाव आयोग के आदेशों के क्रम में डीएम रविंद्र कुमार ने मतदान को सुरक्षित, पारदर्शी और ईमानदारी से कराने की रणनीति तैयार कर ली है। बरेली शहर और कैंट विधानसभा में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए माय बूथ एप लांच किया जा रहा है। एप को डाउनलोड करते ही घर बैठे पता चल जाएगा कि मतदान केंद्र पर कितनी लाइनें लगी हैं। इससे लोग आसानी से घर से बूथ पर जाकर वोट डाल सकेंगे। बूथ पर तैनात बीएलओ लाइव रिपोर्ट भरेंगे।

डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग और बुजुर्ग घर बैठे वोट डाल सकेंगे। मतदान से पांच दिन पहले पोलिंग पार्टी घर घर जाकर दिव्यांगों और 85 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों से बैलेट पेपर पर मतदान करायेंगे। डीएम रविंद्र कुमार ने मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए दो गाने तैयार किये हैं। इन गानों के माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया जाएगा। शहर और कैंट का मतदान प्रतिशत 51 फीसदी है, जबकि देहात का 61 फीसदी है। शहर और कैंट अमीरों की आरामगाह होने की वजह से लोग गर्मी में लाइन में कम लगते हैं। कम वोट डालने जाते हैं। इस वजह से उनको ध्यान में रखते हुए एप बनाया गया है।

**24 घंटे काम करेगा कंट्रोल रूम, बनाये नोडल अफसर**

डीएम ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगा। इसको लेकर नोडल अफसर तैनात कर दिए गए हैं। 1950 डायल कर सकते हैं। इसके अलावा 0581 2422021, 2422031, 2422032 नंबरों पर किसी भी वक्त शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा स्टेटिक सर्विलांस टीमें आचार संहिता के उल्लंघन में जितनी भी प्रचार सामग्री या प्रचार वाहन पकड़ेंगे। आनलाइन उनका डेटा फीड किया जाएगा। सीज गाड़ी और सामान नहीं छूटेगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों को सभा करने, गाड़ी और साउंड सिस्टम की आनलाइन अनुमति लेने की व्यवस्था सुविधा पोर्टल के माध्यम से की गई है। 84 गाड़ियां स्टेटिक सर्विलांस टीमों से लैस रहेंगे। हर आठ घंटे पर 28 टीमें बदल बदलकर 24 घंटे ड्यूटी करेंगी।

**19 अप्रैल को पीलीभीत और सात मई को बरेली आंवला में होगा मतदान**

बरेली और आंवला तीसरे चरण में है। दोनों लोकसभा में सात मई को मतदान होगा। बरेली की बहेड़ी विधानसभा पीलीभीत लोकसभा में आती है। इस वजह से वहां 19 अप्रैल को बहेड़ी में मतदान होगा। 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक प्रत्याशी अपना नामांकन भर सकेंगे। चार जून को मतगणना होगी। सभी ईवीएम परसाखेड़ा में अति सुरक्षा घेरे रखी जाएंगी। एसएसपी घुले सुशील चंद्र भान ने बताया कि इस दौरान वोटरों का लुभावने वाली चीजें बांटने पर पूरी तरह प्रतिबंध है। हिस्ट्रीशीटर और गैरजमानती वारंट वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। सीडीओ जग प्रवेश, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला समेत अधिकारी उपस्थित थे।

### बरेली में कुल मतदाता - 3354696

पुरुष - 1796060
महिला -1558544
थर्ड जेंडर - 92
85 उम्र से अधिक - 20330
दिव्यांग - 28586

### बूथ - 3492 (1928 केंद्र)

क्रिटिकल -575
वल्नरेबल - 73
महिला बूथ - 14
वेब कास्टिंग बूथ- 1795
वीडियोग्राफी बूथ - 571
आदर्श - 35 केंद्र/162 बूथ
दिव्यांग - 09

### 32 बैरियर बनाये गये

10 अंतर्राज्यीय बैरियर बनाए गए है

22 अंतर जनपदीय बैरियर बनाए गए है

### गठित की गई टीमें

स्थानीय निगरानी टीम - 84 (+5 रिजर्व)
वीडियो निगरानी टीम - 9 (+2 रिजर्व)
उड़नदस्ता टीम - 84 (+6 रिजर्व)
व्यय लेखा टीम - 9 (+2 रिजर्व)
सहायक व्यय प्रेक्षक - 9 (+4 रिजर्व)
व्यय अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष - 01
चुनावी सभा स्थल 33 (सूची संलग्न)
प्रभारी/नोडल अधिकारी - 16
जोनल मजिस्ट्रेट - 32
सेक्टर मजिस्ट्रेट - 292
माईक्रो ऑब्जर्वर - 293

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव गुप्ता पर परिवार समेत गालीगलौज करने, धमकाने की एफआईआर




लोकतंत्र टुडे संवाददाता

**मीरगंज।** पुरानी रंजिश में रास्ते में घेरकर गालीगलौज करने और धमकाने का इल्ज़ाम लगाते हुए पूर्व ब्लॉक प्रमुख-भाजपा नेता राजीव गुप्ता, उनकी पत्नी, बेटे और कार ड्राइवर के विरुद्ध मीरगंज कस्बे के ही एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया है। थाना व कस्बा मीरगंज के मोहल्ला राजेंद्र नगर सिरौली चौराहा निवासी सुनील कुमार गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर अपने ही मोहल्ले के रहने वाले भाजपा नेता-पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव गुप्ता पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले कस्बे में कार रोककर पत्नी शोभा, पुत्र यश और अपनी कार के ड्राइवर धनेटा निवासी केसरी संग मिलकर खूब गालियां दीं और कार ऊपर चढ़वाकर मारने की कोशिश करते हुए जान से मार डालने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव बोले-झूठा केस लिखाया

उधर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव गुप्ता ने बताया कि रंजिशन झूठी एफआईआर लिखवाई गई है। मैं तो परिवार समेत काफी समय से बरेली में रहा हूं। इससे पहले भी यह अपने चचेरे भाई को उकसाकर मारपीट गालीगलौज, धमकाने की झूठी एफआईआर लिखवा चुका है जो जांच में फर्जी साबित हो चुकी है।

# कोलकाता नाइट राइडर्स कैंप से जुड़ेंगे श्रेयस अय्यर

एजेंसी

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 सीजन से पहले केकेआर नाइट राइडर्स ने ईडन गार्डन में अपना पहला अभ्यास सत्र आयोजित किया। 14 मार्च, शुक्रवार को रिंकू सिंह और मनीष पांडे सहित सभी घरेलू क्रिकेटरों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर को लेकर थोड़ा भ्रम और अटकलें थीं कि वह आगामी सीज़न के लिए उपलब्ध होंने या नहीं।

आगामी इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन से पहले केकेआर नाइट राइडर्स ने ईडन गार्डन में अपना पहला अभ्यास सत्र आयोजित किया। 14 मार्च, शुक्रवार को रिंकू सिंह और मनीष पांडे सहित सभी घरेलू क्रिकेटरों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर को लेकर थोड़ा भ्रम और अटकलें थीं कि वह आगामी सीज़न के लिए उपलब्ध होंने या नहीं। लेकिन केकेआर टीम प्रबंधन के सूत्रों के मुताबिक श्रेयस आज को कोलकाता आ रहे हैं और उसके बाद वह जल्द ही टीम की प्रैक्टिस में शामिल होंगे। केकेआर को उम्मीद है कि श्रेयस सीजन के पहले मैच से टीम में शामिल हो सकते हैं। श्रेयस ने हाल ही में वानखेड़े स्टेडियम में विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में मुंबई के लिए खेला था।

केकेआर के अभ्यास के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान मनीष पांडे ने कहा कि, हम उम्मीद कर रहे हैं कि एनसीए से मंजूरी मिलने के बाद, जो मुझे लगता है कि उसने कर दिया। वह जल्द से जल्द वापस आएगा और टीम में शामिल होगा। हम उसे पाकर खुश हैं। श्रेयस के बारे में जानकारी देने के अलावा पांडे ने कहा कि, श्रेयस के नेतृत्व में खेलना एक शानदार अनुभव होगा।



# आईपीएल में इस बार घर बैठे टिकट मंगा सकेंगे क्रिकेट प्रेमी

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने टाटा आईपीएल 2024 के लिए ऑनलाइन मनोरंजन प्लेटफार्म बुक माई शो को एक्सक्लूसिव टिकटिंग पार्टनर बनाया है। यहां से क्रिकेट प्रेमी ऑनलाइन टिकट बुक करने के साथ ही उसे होम डिलीवरी ऑप्शन से अपने घर पर भी मंगा सकते हैं।

एक्सक्लूसिव टिकटिंग पार्टनर के रूप में बुक माई शो एलएसजी के सभी घरेलू मैचों के टिकट खरीदने के लिए प्रशंसकों को होम डिलीवरी विकल्प का लाभ उठाने का विकल्प भी प्रदान करेगा। एलएसजी प्रबंधन की ओर से बुक माई शो के सहयोग से शहर के मध्य में कई स्थानों पर बॉक्स ऑफिस भी स्थापित किए जाएंगे। जहां से लोग सुगमता से टिकट ले सकेंगे। इस बाबत लाइव एंटरटेनमेंट एंड वेन्यूज़ के सीओओ अनिल मखीजा ने कहा, हमें दुनिया के सबसे पसंदीदा खेल आयोजन के 17वें संस्करण के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स का एक्सक्लूसिव टिकटिंग पार्टनर बनकर खुशी हो रही है। एलएसजी में प्रतिष्ठित दिग्गज क्रिकेटरों की संतुलित टीम और होनहार नई प्रतिभाओं के साथ, आगामी मैचों के लिए लोगों का उत्साह बढ़ रहा है और हम टीम को शुभकामनाएं देते हैं! इस साझेदारी के माध्यम से, बुक माई शो सभी प्रशंसकों को अपनी बेजोड़ सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे एक और शानदार क्रिकेट सीजन का आनंद उठा सकें। क्रिकेट प्रेमी व प्रशंसक विशेष ऑफ़र और शीघ्र पहुंच के लिए एलएसजी की आधिकारिक वेबसाइट और एप (एप्लीकेशन) पर प्री-रजिस्टर कर सकते हैं। एलएसजी के घरेलू मैचों के लिए प्राथमिकता पर टिकटों के लिए 15 मार्च से एक्सेस खुलेगा, जबकि सामान्य रूप से एक्सेस 16 मार्च से लाइव होगा। भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम के आधुनिक स्थल में 50 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। बुक माई शो पर टिकट बुक करते समय क्रिकेट प्रेमी अपनी सुविधानुसार सीटों का चयन कर सकेंगे। सुपर जायंट्स अपने सभी सात घरेलू मैच बीआरएसएबीवी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेलेंगे। एलएसजी 30 मार्च को इकाना स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घरेलू अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद दूसरा घरेलू मैच सात अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होगा।

# लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

बर्मिंघम। भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने आल इंग्लैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया को रोमांचक मुकाबले में हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एक घंटा दस मिनट चले मैच में लक्ष्य सेन ने अपने दृढ़ संकल्प और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुये 10वीं रैंकिंग वाले मलेशियाई खिलाड़ी को 20-22, 21-16, 21-19 से हराया। इस जीत ने न केवल पुरुष एकल सेमीफाइनल में उनकी जगह पक्की कर दी, बल्कि दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी के खिलाफ उनके आमने-सामने के रिकॉर्ड को भी 4-1 से बेहतर कर दिया। पिछले टूर्नामेंटों में सात बार पहले दौर में बाहर होने के बावजूद लक्ष्य ने पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया था। इस लय को बरकरार रखते हुये उन्होंने बर्मिंघम में एंडर्स एंटोनसेन और ली ज़ी जिया जैसे शीर्ष क्रम के खिलाड़ियों को हराया। ली ज़ी जिया के खिलाफ कड़ा क्वार्टरफाइनल मुकाबला सेन के लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का प्रमाण था। उन्होंने पूरे मैच खासकर निर्णायक गेम के महत्वपूर्ण क्षणों के दौरानअपना ध्यान और संयम बनाए रखा।



# पीवी सिंधु दूसरे दौर में विश्व चैंपियन एन से यंग से हारी

एजेंसी

बर्मिंघम। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को गुरुवार को ऑल इंग्लैंड ओपन के महिला एकल स्पर्धा के दूसरे दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिणकोरिया की एन से यंग से हार का सामना करना पड़ा।



आज यहां खेले गये मुकाबले में सिंधु को कोरियाई शटलर ने 21-19, 21-11 से हराया। सिंधु की यह एन से यंग के खिलाफ सातवीं हार थी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहले गेम की शुरुआत में बैडमिंटन कोर्ट का अच्छा इस्तेमाल करते हुए 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि एन से यंग ने जल्द ही वापसी करते हुए 4-4 से बराबरी कर ली और खेल में 11-8 से बढ़त बना ली। कोरियाई शटलर ने कोर्ट पर सिंधु के आक्रामक खेल का मुकाबला करते हुए 17-11 से बढ़त हासिल की। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने शक्तिशाली स्मैश लगाकर 20-19 के अंतर को केवल एक अंक तक कम कर दिया, लेकिन एन से यंग ने शुरुआती बढ़त के कारण पहले गेम में मामूली अंतर से जीत हासिल की। सिंधु ने दूसरे गेम में पहले कुछ अंक अर्जित किये लेकिन एन से यंग ने जल्द ही वापसी करते हुए 41 मिनट तक चले इस मुकाबले को जीत लिया।

# श्रीलंका ने आकिब जावेद को टी20 विश्व कप तक तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

एजेंसी

नई दिल्ली। आकिब जावेद को जून में आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 तक शनिवार को टीम का तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। इस समय 1992 विश्व कप विजेता जावेद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स के क्रिकेट परिचालन निदेशक और मुख्य कोच के तौर पर काम कर रहे हैं। श्रीलंका ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को जून में आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 तक शनिवार को टीम का तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। इस समय 1992 विश्व कप विजेता जावेद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स के क्रिकेट परिचालन निदेशक और मुख्य कोच के तौर पर काम कर रहे हैं। श्रीलंका क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एशले डी सिल्वा ने विज्ञप्ति में कहा, ''हम आकिब का स्वागत करते हैं और हमारा मानना है कि खेलने और कोचिंग दोनों में उनका अपार अंतरराष्ट्रीय अनुभव हमारे गेंदबाजों को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले अच्छी स्थिति में लाने में मदद करेगा जिनमें आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप शामिल है। जावेद (51 वर्ष) पहले पाकिस्तान की सीनियर और जूनियर टीम के साथ अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात की टीम के साथ भी काम कर चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में संयुक्त अरब अमीरात ने 2015 में 50 ओवर के विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के अलावा वनडे और टी20अंतरराष्ट्रीय का दर्जा भी हासिल किया था। जावेद ने पाकिस्तान के लिए 22 टेस्ट और 163 वनडे में 236 विकेट हासिल किये हैं।



## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.32 प्रतिशत उतरकर 81.00 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड उतरकर 85.34 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

# मारूति की कारें होती है सबसे अधिक चोरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में 2022-2023 के बीच वाहनों की चोरी में दो गुनी बढ़ोतरी हुई है। इस बार भी वाहनों की सबसे ज्यादा चोरी दिल्ली में हुई है। यात्री वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया की कारें सबसे अधिक चोरी हो रही है और देश में चोरी हुयी कारों में से इनकी हिस्सेदारी 47 प्रतिशत है।

दिल्ली के बाद चेन्नई और बेंगलुरु का नंबर आता है। इन दो शहरों में 2022 और 2023 में चोरी में क्रमशः 5 प्रतिशत से लेकर 10.5 प्रतिशत और 9 प्रतिशत से लेकर 10.2 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इसके साथ ही हैदराबाद, मुंबई और कोलकाता देश में वाहनों की सबसे कम चोरी वाले शहर बनकर उभरे हैं। एको ने अपनी थेफ्ट रिपोर्ट 'थेफ्ट एण्ड द सिटी 2024' का दूसरा संस्करण जारी किया है। रिपोर्ट का पहला संस्करण 2022 में जारी किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के दूसरे शहरों की तुलना में वाहनों की चोरी में दिल्ली की कुल हिस्सेदारी 2022 के 56 प्रतिशत से कम होकर 2023 में 37 प्रतिशत पर आ गयी। भजनपुरा और उत्तम नगर 2022 से ही सबसे ज्यादा चोरी वाले इलाके बने हुए हैं। जबकि रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के उत्तरी द्वोत्र में तीन नये इलाके - शाहदरा, पटपड़गंज और बदरपुर, चोरी की सबसे अधिक संभावना वाले इलाके बनकर उभरे हैं। रिपोर्ट के अनुसार चोरी हुई कारों में से 47 प्रतिशत मारुति सुजुकी थी। कंपनी की कुछ कारें सबसे ज्यादा मांग में हैं जिसके कारण इनकी डिलीवरी का समय ज्यादा है तथा इनकी चोरी की संभावना सबसे अधिक है। इस तरह लोकप्रिय हैचबैक कार मारुति वैगन आर और मारुति स्विफ्ट दिल्ली एनसीआर में सबसे ज्यादा चोरी हुई हैं।

# उत्पादों की मार्केटिंग के लिए जाइका ने किया कंपनी का गठन

एजेंसी

शिमला। जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता और बेहतर मार्केटिंग के लिए एचसीएलपीसीएल यानी हिमाचल कम्यूनिटी लाइवलिहुड्स प्रोड्यूसर कंपनी लि. का गठन किया गया है। अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया की अध्यक्षता में शनिवार को इस कंपनी का विधिवत शुभारंभ किया गया। स्वयं सहायता समूहों द्वारा चुने हुए निदेशकों की उपस्थित में कंपनी का गठन किया गया। इस कंपनी के गठन होने से हिमाचल प्रदेश के लगभग 920 स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों को मार्केट में ले जाने में सहायता होगी। ये सभी समूह कंपनी के अंतर्गत गठित किए गए हैं। जिनको लगभग 9.20 करोड़ की रिवोल्विंग फंड और 50 से 75 प्रतिशत कैपिटल कॉस्ट मशीनों की खरीद के लिए प्रदान किया जाता है। बताया गया कि मार्च 2024 तक स्वयं सहायता समूहों ने लगभग दो करोड़ रूपये की कमाई कर दी। इसको गति देने के लिए अगले स्तर में ले जाने व लंबे समय तक गतिविधियों को जिंदा रखने के लिए यह कंपनी आने वाले समय में अहम भूमिका निभाएगी। इस कंपनी के माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण स्तर पर वनों पर आधारित लोगों को स्वरोजगार व आजीविका के संसाधनों व सेवाएं प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि यह इस तरह का यह प्रयास वानिकी परियोजना में प्रदेश स्तर पर पहली बार किया गया। जाइका वानिकी परियोजना 7 जिलों, 19 वन मंडल और 74 वन परिक्षेत्र के अंतर्गत इम्पलीमेंट की जा रही है। जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े सभी स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता और बेहतर मार्केटिंग के लिए हिमाचल कम्यूनिटी लाइवलिहुड्स प्रोड्यूसर कंपनी का गठन किया गया। स्वयं सहायता समूहों के निदेशकों की उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ किया गया। इस कंपनी के गठन होने से प्रदेश के ग्रामीण स्तर पर लोगों को आजीविका सुधार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।




## संक्षिप्त समाचार

### संजू सैमसन की कप्तानी को लेकर ध्रुव जुरेल का बयान

नई दिल्ली। ध्रुव जुरेल तीन साल से राजस्थान के साथ हैं और आईपीएल 2024 में फिनिशर की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। भारत के युवा बल्लेबाज ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टेस्ट में टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण किया। वह फ्रैंचाइजी के कप्तान संजू सैमसन को सालों से जानते हैं और उन्होंने जिस तरह से वर्षों तक टीम का नेतृत्व किया है उससे वह काफी प्रभावित हैं। ध्रुव जुरेल इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हैं। वह फ्रैंचाइजी के कप्तान संजू सैमसन को सालों से जानते हैं और उन्होंने जिस तरह से वर्षों तक टीम का नेतृत्व किया है उससे वह काफी प्रभावित हैं। ध्रुव जुरेल तीन साल से राजस्थान के साथ हैं और आईपीएल 2024 में फिनिशर की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। भारत के युवा बल्लेबाज ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टेस्ट में टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण किया। पूर्व खिलाड़ियों ने उनकी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी की सराहना की। सुनील गावस्कर ने उन्हें अगला एमएस धोनी कहा है। हालांकि, जुरेल ने गावस्कर का शुक्रिया अदा किया लेकिन धोनी से अपनी तुलना से इनकार कर दिया। वहीं कप्तानी की बात आने पर जुरेल ने संजू सैमसन की तुलना रोहित शर्मा से भी की। संजू सैमसन टीम का नेतृत्व करने के मामले में रोहित शर्मा की तरह हैं। वह काफी शांतचित हैं और खिलाड़ियों को पूरी आजादी देते हैं। वह मैदान के अंदर और बाहर मेरा मार्गदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने न्यूज 24 स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि, सैमसन मुझसे कहते हैं कि बिना कोई दबाव लिए खेल का लुत्फ उठाओ। उन्होंने मेरे साथ अपने अनुभव शेयर किए और मुझे सिखाया कि मीडिया को कैसे संभालना है।

### हॉकी इंडिया की कार्यशाला में कोचिंग तकनीकों पर चर्चा

पुणे। हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हरमन क्रूज़ ने पुणे में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2024 के मौके पर समकालीन कोचिंग विधियों और जमीनी स्तर पर हॉकी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मकसद घरेलू सर्किट में कोचों को उनके करियर की शुरुआत से ही युवा हॉकी खिलाड़ियों को सिखाने के कौशल से लैस करना था। जमीनी स्तर पर कोचिंग मानकों को ऊंचा उठाने की हॉकी इंडिया की चल रही प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में, हरमन क्रूज़ ने एक कार्यशाला की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने युवा एथलीटों में निष्क्रिय सीखने के विपरीत सक्रिय सीखने के मूल्य पर जोर दिया।

इस कार्यशाला में गोवा हॉकी, मणिपुर हॉकी, ओडिशा हॉकी एसोसिएशन, दादरा और नगर हवेली और दीव और दमन हॉकी, हॉकी महाराष्ट्र, असम हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बिहार, हॉकी झारखंड, हॉकी तेलंगाना , हॉकी उत्तर प्रदेश, केरल हॉकी, हॉकी राजस्थान, छत्तीसगढ़ हॉकी, हॉकी गुजरात, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी दिल्ली, हॉकी कर्नाटक, तमिलनाडु की हॉकी यूनिट, और ले पुडुचेरी हॉकी के कोच उपस्थित थे। इस मौके पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन भी उपस्थित थे। हरमन क्रूज़ ने कहा, खिलाड़ियों को स्वामित्व लेने और स्वयं अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए प्रोत्साहित करने से गलतियों से सीखने की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

# 2047 तक जीडीपी में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने विकसित भारत के लिए आज अपना रोडमैप जारी किया जिसमें 2047 तक सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर का होने का अनुमान है और यह अनुमानित जीडीपी का 17.5 प्रतिशत रह सकता है।




क्रेडाई ने आज अपने युवा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन यूथकॉन में विकसित भारत के लिए भारतीय रियल एस्टेट के योगदान पर एक रिपोर्ट जारी किया जिसमें यह बात कही गयी है। इस कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई ने एक रिपोर्ट बिल्डिंग विकसित भारत - भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में एक रिपोर्ट जारी किया। क्रेडाई के अनुसार रियल एस्टेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। वित्त वर्ष 2034 तक इस क्षेत्र के जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ डॉलर अर्थात अनुमानित जीडीपी का 13.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार का साइज़ 24 लाख करोड़ रुपये है, जो क्रमशः 80 प्रतिशत और 20 प्रतिशत के अनुपात में आवासीय और वाणिज्यिक के बीच बंटा है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन आर ईरानी ने कहा, 2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट आज एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। यह क्षेत्र जीडीपी मूल्य को बढ़ाने और राजस्व, प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बाध्य है जो लगातार बढ़ती खपत के कारण आत्मनिर्भर चक्र के एक हिस्से के रूप में आगे विकास में सहायता करेगा। भारत के अग्रणी रियल एस्टेट निकाय के रूप में, हम पूरी तरह से विकसित अर्थव्यवस्था बनने के हमारे सामूहिक मिशन को प्राप्त करने की दिशा में एक सहज मार्ग सुनिश्चित करने के लिए इसमें शामिल सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। क्रेडाई के चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा, भारतीय रियल एस्टेट के प्रमुख निकाय के रूप में हमने एक उद्योग के रूप में जो हासिल किया है उस पर हमें बेहद गर्व महसूस होता है और हम उस क्षमता से भी अधिक

# भारत में 2030 तक दो ट्रिलियन डॉलर के निर्यात तक पहुँचने की क्षमताः यूनेस्कैप

एजेंसी

लखनऊ। यूनाईटेड नेशंस इकॉनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (यूनेस्कैप) के एक अध्ययन के मुताबिक भारत में 2030 तक दो ट्रिलियन डॉलर के निर्यात तक पहुंचने की क्षमता है। यूनेस्कैप के अनुसार ईकॉमर्स की भूमिका और आर्थिक विकास लाने एवं व्यापार का विस्तार करने में इसके महत्व को देखते हुए एशिया पैसिफिक क्षेत्र का बाजार 2022 में 2.9 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक 6.146 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। अध्ययन के मुताबिक 2023 में ऑनलाईन खरीद कुल खरीद की 19.4 प्रतिशत रही। इसी को देखते हुए इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनॉमिक रिलेशंस (इक्रियर) ने यूनेस्कैप के साथ गठबंधन में पहली एशिया पैसिफिक ई-कॉमर्स पॉलिसी समिट का सफल समापन किया। श्री संतोष कुमार सारंगी, एडिशनल सेक्रेटरी एवं डायरेक्टर जनरल, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी), मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ((एमओसीएंडआई), भारत सरकार ने व्यापार नियामकों के बीच एक्सपोर्ट के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखने जाने की जरूरत पर बल दिया।

निजी कंपनियों, जैसे एमेज़ॉन एवं डीएचएल के साथ एमओयू करने से छोटे उद्यमों को विस्तृत सेवाएं प्रदान कर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उतरने का अवसर मिलेगा। क्रॉस-बॉर्डर ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट भारत में एक्सपोर्ट की क्षमता एवं इंटीग्रेशन के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एक व्यवस्थित मार्ग प्रदान करता है, जो नियामक अनुकूलन और बुनियादी ढांचे के विकास पर निर्भर है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अखलेश कुमार द्वारा हिन्द प्रिन्टिंग प्रेंस, लल्ला मार्केट के सामने, बाबा भैरोनाथ मंदिर के सामने, बरेली उत्तर प्रदेश- 243001 से मुद्रित एवं 5-जे/3, क्रिस्टल कालोनी, निकट गोल्डन ग्रीन पार्क बरेली से प्रकाशित। संपादक- अखलेश कुमार Title Code UPHIN48977 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों, लेखों का चयन एवं संपादन पीआरबी अधिनियम- 1868 की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। न्यायिक क्षेत्र केवल बरेली मान्य होगा।